भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 597 का उत्तर

रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण

597. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः
श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः
क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण हेतु लागू की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्रयोजन हेतु गुजरात सहित राज्य-वार स्वीकृत, आवंटित और प्रयुक्त राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) गुजरात और आंध्र प्रदेश में महबूबनगर सहित राज्य-वार आज की तिथि अनुसार निर्धारित और प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन योजनाओं के अंतर्गत देशभर में रेलवे स्टेशनों के निकट आरओबी/आरयूबी निर्मित किए गए हैं;

(ङ) यदि हां, तो गुजरात सहित राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के संबंध में 20.11.2019 को लोक सभा में श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी एवं श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा के अतारांकित प्रश्न सं. 597 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): भारतीय रेलवे में रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण/अपग्रेडेशन निरंतर चलने वाली एक सतत प्रक्रिया है। यह कार्य समय-समय पर विभिन्न आधुनिकीकरण योजनाओं जैसे मॉडल स्टेशन योजना, मॉडर्न स्टेशन योजना और आदर्श स्टेशन योजना के तहत किया गया है। 'मॉडल स्टेशन योजना' (जून, 1999 से नवंबर, 2008) और 'मॉडर्न स्टेशन योजना' (2006-07 और 2007-08) के तहत स्टेशनों को विकसित करने का कार्य पूरा कर लिया गया है।

इसके अतिरिक्त, आदर्श स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का अपग्रेडेशन 2009-10 में शुरू किया गया था। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का चयन, सुविधाओं के अपग्रेडेशन के लिए चिह्नित आवश्यकता पर आधारित होता है। आदर्श स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए 1253 स्टेशनों की पहचान की गई है, जिनमें से अब तक 1149 रेलवे स्टेशनों को विकसित कर दिया गया है और शेष स्टेशनों को 2019-20 तक विकसित करने की योजना है।

(ख) एवं (ग): इस समय, रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और अनुरक्षण सहित 'आदर्श' स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का विकास विभागीय माध्यम से और आउटसोर्सिंग के जरिए पूरा किया जाता है। आबंटित/व्यय की गई निधियों का ब्यौरा राज्य-वार नहीं रखा जाता है। 'आदर्श' स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का विकास सहित आधुनिकीकरण कार्यों पर आबंटन/व्यय सामान्यत: योजना शीर्ष- 'यात्री सुविधाओं' के जरिए वित्तपोषित किया जाता है। पश्चिम रेलवे और उत्तर पश्चिम रेलवे जो गुजरात राज्य को कवर करती हैं और पूर्व तट रेलवे, दक्षिण रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे तथा दक्षिण पश्चिम रेलवे जो आंध्र प्रदेश के साथ-साथ महबूबनगर रेलवे स्टेशन को कवर करती है, सहित बजटीय स्रोतों के तहत और विगत तीन वर्षों अर्थात् 2016-

17, 2017-18 एवं 2018-19 और चालू वर्ष के दौरान योजना शीर्ष 'यात्री सुविधाओं' के अंतर्गत निधियों का आबंटन/व्यय का जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्षेत्रीय रेलवे	2016-17		2017-18		2018-19		2019-20	
	आबंटन (सं.अ.)	व्यय	आबंटन (सं.अ.)	व्यय	आबंटन (सं.अ.)	व्यय	आबंटन (ब.अ.)	व्यय
मध्य	73.93	74.07	141.53	161.89	262.67	237.42	284.14	195.73
पूर्व	51.85	48.41	85.21	50.73	116.67	57.84	208.16	77.65
पूर्व मध्य	52.78	65.76	72.03	74.11	139.24	98.57	227.91	94.48
पूर्व तट	47.78	56.42	75.09	59.85	116.42	72.55	175.74	63.42
उत्तर	78.15	94.93	174.12	171.92	347.24	141.18	289.00	106.08
उत्तर मध्य	56.87	60.34	105.53	66.56	94.51	116.92	177.37	43.38
पूर्वोत्तर	107.69	109.84	92.81	96.44	112.20	89.53	186.17	57.66
पूर्वोत्तर सीमा	50.75	45.81	56.83	38.16	97.54	78.06	186.17	71.72
उत्तर पश्चिम	53.42	55.60	57.87	68.09	155.89	118.62	186.17	89.11
दक्षिण	61.18	70.68	148.52	102.00	147.47	57.57	264.22	64.30
दक्षिण मध्य	64.41	68.56	90.96	63.80	186.33	76.39	227.91	103.16
दक्षिण पूर्व	47.46	60.08	80.25	81.85	81.11	56.93	175.42	43.72
दक्षिण पूर्व मध्य	29.55	31.49	32.60	23.50	104.32	36.19	175.74	32.99
दक्षिण पश्चिम	42.63	41.93	64.19	49.77	61.22	26.19	186.17	45.64
पश्चिम	48.73	47.96	126.50	134.80	325.37	299.01	284.22	197.22
पश्चिम मध्य	45.29	43.78	58.55	44.44	53.21	19.03	175.49	24.68
मेट्रो	5.44	5.58	8.20	3.89	9.31	3.88	12.57	3.88
कुल	917.91	981.24	1470.79	1286.80	2410.71	1585.88	3422.57	1314.82

(घ): स्टेशनों के निकट ऊपरी सड़क पुल (आरओबी) और निचले सड़क पुल (आरयूबी) स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं।

(ङ) और (च): प्रश्न नहीं उठता।

****